युवा मामले एवं खेल

94. राज्य के अधिक से अधिक युवा खेल से जुड़ें तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करें, इसके लिए राज्य में खिलाड़ियों को निम्न सुविधायें उपलब्ध करायी जायेंगी:–

- सवाईमानसिंह स्टेडियम, जयपुर के विभिन्न निर्माण कार्यों हेतु 8 करोड़ 90 लाख रुपये का प्रावधान प्रस्तावित है। साथ ही, प्रदेश के अन्य स्टेडियमों के लिए भी विकास कार्य एवं संधारण के लिए 19 करोड़ 90 लाख रुपये का प्रावधान प्रस्तावित है।
- तीरंदाजी एवं शूटिंग को बढ़ावा देने के लिए राज्य में National Academy for Archery and Shooting की स्थापना की जायेगी।
- राज्य में बालकों के लिए हॉकी तथा बास्केटबाल हेतु नयी खेल अकादमियों की स्थापना की जायेगी।
- खेल संघों द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों के दैनिक भत्ते में बढ़ोतरी की जायेगी। वर्तमान में राज्य स्तर पर दैनिक भत्ता 200 रुपये तथा राष्ट्रीय स्तर पर 300 रुपये है जिसे बढ़ाकर क्रमशः 300 रुपये एवं 500 रुपये किया जाना प्रस्तावित है। इससे 1 करोड़ रुपये का अतिरिक्त वित्तीय भार आयेगा।
- राज्य में चयनित 6 खेलों में राज्य के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी। इस हेतु आगामी वर्ष में 70 लाख रुपये का व्यय प्रस्तावित है।
- क्रीडा परिषद के पास 119 विशेषज्ञ खेल प्रशिक्षक उपलब्ध हैं, जो पर्याप्त नहीं हैं, अतः अनुबंध पर अल्पकालिक प्रशिक्षक नियुक्त

http://finance.rajasthan.gov.in

कर प्रशिक्षण की व्यवस्था की जायेगी। जिस पर 2 करोड़ रुपये का वित्तीय भार आयेगा।

- राज्य में Archery, Shooting, Riding, Basket Ball एवं Hockey में प्रतिभावान खिलाड़ियों को सही उम्र पर खोजने के लिए इन खेलों के लिए talent search योजना शीघ्र ही लागू की जायेगी। चुने हुए खिलाड़ियों को राज्य सरकार द्वारा खेल छात्रवृत्ति भी दी जायेगी।
- भारत सरकार द्वारा देय राशि के अतिरिक्त Summer व Winter Olympic Games विजेता को स्वर्ण पदक प्राप्त होने पर 75 लाख रूपए, रजत पदक प्राप्त होने पर 50 लाख रूपए तथा कांस्य पदक प्राप्त होने पर 30 लाख रूपए दिए जाएंगे। इसी प्रकार से Asian Games तथा Common Wealth Games में स्वर्ण पदक विजेता को 30 लाख रूपए, रजत पदक विजेता को 20 लाख रूपए तथा कांस्य पदक विजेता को 10 लाख रूपए की राशि दी जाएगी। इसके साथ–साथ ऐसे पदक विजेताओं को जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा 220 वर्ग मीटर के आवासीय भूखण्ड का आवंटन निःशुल्क किया जायेगा। पदक विजेता खिलाड़ियों में से स्वर्ण पदक विजेता को class II तथा रजत व कांस्य पदक विजेता को class III के पदो पर पुलिस विभाग तथा खेलकूद विभाग में उपरोक्त पदों की पात्रता पूर्ण होने पर नौकरी भी प्रदान की जाएगी।
- Sports Complex जिला उदयपुर में 14 करोड़ रुपये की लागत से Indoor Stadium का निर्माण करवाया जायेगा।

http://finance.rajasthan.gov.in

95. राज्य में संचालित योग ट्रेनिंग सेंटर्स के Accreditation की policy तैयार की जा रही है। साथ ही, accreditation rating अनुसार इनको one time grant देने की योजना बनायी जायेगी।